भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2310

जिसका उत्तर 15 मार्च, 2023 को दिया जाना है।

24 फाल्गुन, 1944 (शक)

मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम (भार ओ.एस.)

2310. डॉ. भारतीबेन डी. श्याल :
श्री विद्युत बरन महतो :
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :
श्री प्रतापराव जाधव :
श्री सुधीर गुप्ता :
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आईआईटी मद्रास ने देश में "भार ओ.एस." नामक एस स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम विकसित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत् संबधी ब्यौरा क्या है और "भार ओएस." ऑपरेटिंग सिस् टम की मुख् य विशेषताएं क् या हैं;

(ग) देश में आम आदमी के लिए यह नया ऑपरेटिंग सिस् टम किस प्रकार लाभकारी होगा, इसका ब् यौरा क् या है;

(घ) यह ऑपरेटिंग सिस् टम किस तरह विदेशी ऑपरेटिंग सिस् टम जैसे एंड्रॉइड और ऐप् पल आदि पर स् मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की निर्भरता को कम करेगा और यह इन ऑपरेटिंग सिस् टम से अलग कैसे है, इसका ब् यौरा क् या है;

(ड.) क् या सरकार ने देश में "भार ओएस." ऑपरेटिंग सिस् टम का उपयोग करने के लिए विभिन् न संस् थाओं के लिए कोई मानदंड निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत् संबधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा देश में स् वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस् टम का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत् साहित करने के लिए क् या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क): जी,हां।

(ख): " भार ओ एस " की मुख्य विशेषताएं नीचे सूचीबद्ध हैं:

- **भार ओएस** मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम को भरोसे की बुनियाद पर बनाया गया है, जिसमें उपयोगकर्त्ताओं को केवल उन्हीं ऐप्स को चुनने और उपयोग करने की अधिक आज़ादी, नियंत्रण और फ्लेक्सिबिलिटी देने पर जोर दिया गया है, जिनकी उन्हें जरूरत है।

- **भार ओएस** नो डिफॉल्ट ऐप्स (एनडीए) के साथ आता है। इसका अर्थ यह है कि उपयोगकर्ताओं को उन ऐप्स का उपयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है जिनसे वे परिचित नहीं हैं या जिन पर वे भरोसा नहीं कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त , उपयोगकर्ता स्वयं को केवल उन्हीं ऐप्स को चुनने की अनुमति दे सकते हैं जिन पर वे अपने डिवाइस पर कुछ सुविधाओं या डेटा तक पहुंचने के लिए भरोसा करते हैं।

- **भार ओएस** प्राइवेट ऐप स्टोर सर्विसेज (पास) से विश्वसनीय ऐप्स तक ही पहुंच प्रदान करता है। पीएएसएस उन ऐप्स की क्यूरेटेड सूची तक पहुंच प्रदान करता है जिन्हें पूरी तरह से जांचा गया है और जिन्होंने संगठनों के कुछ सुरक्षा और गोपनीयता सम्बन्धी मानकों को पूरा किया है। इसका अर्थ यह है कि उपयोगकर्ता आश्वस्त हो सकते हैं कि वे जो ऐप्स इंस्टॉल कर रहे हैं वे उपयोग करने के लिए सुरक्षित हैं और किसी भी संभावित सुरक्षा सुभेद्यता या गोपनीयता के लिए इनकी जांच कर ली गई है।

- **भार ओएस** 'नेटिव ओवर द एयर ' (नोटा) अपडेट प्रदान करता है जो उपकरणों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। उपयोगकर्ता को मैन्युअल रूप से प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता के बिना ही नोटा अपडेट स्वचालित रूप से डिवाइस पर डाउनलोड और इंस्टॉल हो जाते हैं ; जो यह सुनिश्चित करता है कि डिवाइस हमेशा ऑपरेटिंग सिस्टम का नवीनतम संस्करण चला रहा है , जिसमें नवीनतम सुरक्षा पैच और बग फिक्स शामिल हैं।

(ग) और (घ): भार ओ एस एक भरोसेमंद बूट सुविधा के साथ विकसित एक स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है ।" भरोस " उपयोगकर्ता की पसंद के एप्लिकेशन लोड करने के लिए प्राइवेट सिक्योर एप्लीकेशन स्टोर के साथ काम कर सकता है। ये सभी विशेषताएं साइबर सुरक्षा और अंतिम उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

(ङ): जी, नहीं । सरकार ने देश में भारतओएस ऑपरेटिंग सिस्टम का उपयोग करने के लिए विभिन्न संस्थानों के लिए कोई मानदंड निर्धारित नहीं किया है ।

(च): मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम लोगों द्वारा सीधे सोर्स/खरीदा नहीं जाता है क्योंकि मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम मोबाइल निर्माताओं द्वारा मोबाइल उपकरणों में पहले से लोड किया जाता है।

****